भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1066
बुधवार ,26 जुलाई 2023 ,को उत्तर दिए जाने के लिए

भूकंप संबंधी पूर्व चेतावनी प्रणाली

1066. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का प्रायोगिक आधार पर भूकंप संबंधी पूर्व चेतावनी प्रणाली (ईईडब्ल्यूएस) स्थापित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) इस संबंध में क्या लाभ प्रस्तावित हैं;
(घ) क्या भारत का इस संबंध में अन्य देशों के साथ बातचीत करने का विचार है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क) से (ग) जी हां। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र का प्रायोगिक आधार पर भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने का इरादा है। भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली प्रायोगिक कार्यक्रम स्थापित करने का निर्णय लक्ष्य क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और भूकंपीय गतिविधि सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करेगा।

यद्यपि, भूकंप आने के बाद कार्रवाई करने का प्रतिक्रिया समय स्रोत और प्रतिक्रियाकर्ताओं के बीच की दूरी के आधार पर बहुत कम (कुछ सेकंड का) होता है, लेकिन भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली पर आधारित जानकारी जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए बिजली और गैस आपूर्ति, बिजली संयंत्र और ट्रेनों आदि के संचालन को रोककर महत्वपूर्ण सुविधाओं को सुरक्षित रखने में मदद कर सकती है।

(घ) जी हां।

(ड) राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली की व्यवहार्यता और भारतीय संदर्भ के लिए उपयुक्त विभिन्न एल्गोरिदम का पता लगाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान सहित अन्य देशों के साथ सहयोग करने की योजना बनाई है।

*****